Need to construct flyover bridges in Basti Parliamentary Constituency-Laid

श्री राम प्रसाद चौधरी (बस्ती) : हमारे संसदीय क्षेत्र बस्ती से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 28 गुजरता है । बस्ती शहर के तीन महत्वपूर्ण चौराहे हैं- कप्तानगंज चौराहा, पटेल चौक चौराहा तथा पॉलिटेक्निक चौराहा । यह तीनों चौराहा बस्ती शहर के बीचों बीच में पड़ते हैं । कप्तानगंज चौराहे के पास ही छोटे-बड़े विद्यालय स्थित हैं और पटेल चौक चौराहा व पॉलिटेक्निक चौराहा के पास राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज और अन्य विद्यालय स्थित हैं, जहां जाम की स्थिति के कारण आए दिन आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं तथा राहगीरों की कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है । माननीय परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि बस्ती शहर के एन एच 28 पर स्थित इन तीनों चौराहों पर फ्लाईओवर ब्रिज की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें ।